NT>

Title: Need to start work on Jaisalmer-Barmer-Kandla railway line.

कर्नल (सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी (बाड़मेर) : महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र अर्थात पश्चिम राजस्थान के रेगिस्तान और थार जिले के विकास के बारे में जरूरी विाय उठाना चाहता हूं।

रेल मंत्री जी की कृपा से 1999 के बजट भााण में नई रेलवे लाइन जैसलमेर-बाड़मेर-कांडला को शामिल किया गया था, क्योंकि इसका भारत-पाकिस्तान सीमा पर होने के कारण महत्व है। ये रेल लाइन इस पिछड़े तथा सूखाग्रस्त पश्चिमी राजस्थान की जीवन रेखा है। बाड़मेर और जेसलमेर जिले में लिग्नाइट, ग्रेनाइट, मार्बल, पीला मार्बल, स्टील ग्रेड लाइम स्टोन, जिपसम, फास्फेट, गैस और तेल के भंडार बहुतायत में है। लेकिन इन खनिजों का उत्पादन और उचित परिवहन बहुत धीमा है। क्योंकि यहां पर परिवहन की उचित व्यवस्था नहीं है। इस नई रेलवे लाइन से सेना की तैयारी में बहुत मदद मिलेगी।

अतः मैं प्रार्थना करता हूं कि इस पिछड़े सूखाग्रस्त क्षेत्र थार रेगिस्तान के विकास के लिए और सुरक्षा की तैयारी को ध्यान में रखते हुए निम्न फैसले लिये जाएं :

1. 1999 के बजट भााण में जो सर्वे का काम इस लाइन पर करने के लिए कहा गया था, उसे जल्दी पूरा किया जाए।

2. जैसलमेर-बाड़मेर-कांडला पोर्ट योजना को अगले बजट 2002-2003 में शामिल करने का फैसला कर फंड का प्रावधान किया जाए।

3. इस रेलवे लाइन पर शीघ्र काम शुरू कर इसे समय सीमा में पूरा किया जाए।